डा. बंसल हत्याकांड के आरोपित को जमानत

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने प्रयागराज के चर्चित डा. एके बंसल हत्याकांड के आरोपित अबरार मुल्ला उर्फ मो. अबरार खान की जमानत अर्जी को स्वीकार कर लिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति एसडी सिंह ने अबरार मुल्ला की जमानत अर्जी पर दिया है।

11 जनवरी, 2017 को डा. एके बंसल अपने नर्सिंगहोम में मरीज देख रहे थे उसी समय शाम को गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी। इसकी प्राथमिकी थाना कीडगंज में अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराई गई थी। याची के अधिवक्ता इमरानउल्ला ने आधार लिया कि विवेचना में चार वर्ष बाद आरोपित का नाम प्रकाश में लाया गया। इसमें आरोप लगाया गया कि आरोपित आलोक सिन्हा ने जेल में बंद रहने के दौरान दिलीप मिश्रा और अख्तर कटरा से मिलकर डा. बंसल की हत्या का षड्यंत्र रचा था। कहा गया कि अबरार मुख्य आरोपित था, जबकि उसका कोई सीधा साक्ष्य नहीं है। घटना के चार वर्ष बाद याची को गिरफ्तार किया गया है।

राज्य सरकार की ओर से कहा गया की डा. बंसल की हत्या में यह मुख्य आरोपित है, जिन्होंने भाड़े के बदमाशों से हत्या कराई है। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने बाद जमानत अर्जी को स्वीकार कर लिया।

आनंद गिरि की जमानत मामला

जवाब देने के लिए सीबीआइ ने कोर्ट से मांगा दो हफ्ते का समय

विसं, प्रयागराज : अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि आत्महत्या मामले में जेल में बंद उनके शिष्य आनंद गिरि की जमानत अर्जी पर जवाब दाखिल करने के लिए सीबीआइ ने दो सप्ताह का अतिरिक्त समय मांगा है। जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने अगली सुनवाई की तिथि 5 जनवरी नियत की है। यह आदेश न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी ने आनन्द गिरि की जमानत अर्जी पर दिया है। गिरि का कहना है कि वह निर्दोष है। उसे इस घटना में फर्जी फंसाया गया है। आनंद गिरि ने विशेष न्यायालय द्वारा जमानत अर्जी खारिज किए जाने के बाद हाईकोर्ट में अपनी जमानत के लिए अर्जी दाखिल की है।

पुलिस व बाल कल्याण समिति अध्यक्ष पर कार्रवाई का निर्देश

विसं, प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने यौन अपराध पीड़िता नाबालिग को संरक्षण देने के जुनैद केस के निर्देशों का पालन न करने पर नाराजगी व्यक्त की है। कोर्ट ने निर्देशों का पालन न करने वाले बाल कल्याण समिति बुलंदशहर के अध्यक्ष व पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया है। प्रमुख सचिव महिला एवं बाल विकास उत्तर प्रदेश तथा डीजीपी से दोनों के खिलाफ की गई कार्रवाई रिपोर्ट एक माह में महानिबंधक के समक्ष पेश करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति अजय भनोट ने बुलंदशहर के कपिल की जमानत अर्जी की सुनवाई करते हुए दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से कपिल की जमानत अर्जी पर जवाब मांगा है।

अनुग्रह राशि देने के शासनादेश पर पुनर्विचार का निर्देश

विसं, प्रयागराज : पंचायत चुनाव में ड्यूटी करने वाले काफी सरकारी कर्मचारी कोरोना संक्रमित हो गए थे। संक्रमितों के चुनाव के 30 दिन में मृत्यु होने की स्थिति में ही अनुग्रह राशि का भुगतान करने को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने प्रथम दृष्टया सही नहीं माना। कोर्ट ने राज्य सरकार को नए सिरे से पुनर्विचार करने का निर्देश दिया है। कहा कि 30 दिन के भीतर मृतकों के परिजन को ही अनुग्रह राशि देना तार्किक वर्गीकरण नहीं है। कोर्ट ने इस पर पुनर्विचार कर विशेष सचिव रैंक के अधिकारी का छह हफ्ते में जवाबी हलफनामा मांगा है। याचिका की सुनवाई 17 फरवरी को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्र व न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान की खंडपीठ ने कुसुमलता यादव की याचिका पर दिया है।

कोर्ट ने कहा कि एक जून, 2021 को राज्य सरकार द्वारा जारी शासनादेश का उद्देश्य भरण-पोषण करने वाले की कोरोना से मौत पर परिवार को मुआवजा देना है। सरकार ने स्वीकार किया कि याची के पति की मौत चुनाव ड्यूटी में कोरोना संक्रमित होने के कारण हुई है। शासनादेश में चुनाव से 30 दिन के भीतर मौत पर ही मुआवजे के भुगतान की व्यवस्था की गई है। इसलिए याची को भुगतान करने से इन्कार किया गया है। याची का कहना है कि अक्सर देखा गया है कि कोरोना संक्रमित की मौत 30 दिन के बाद भी हुई है। ऐसी स्थिति में 30 दिन में मौत की सीमा तय करना उचित नहीं है। मामले के अनुसार प्रदेश सरकार ने एक जून, 2021 को शासनादेश जारी किया। पंचायत चुनाव में संक्रमित हुए कर्मचारियों की मृत्यु पर 30 लाख अनुग्रह राशि देने का निर्णय लिया गया।

4300 वोटों की पूरी हुई गिनती

विसं, प्रयागराज : हाई कोर्ट बार एसोसिएशन की 28 सदस्यीय कार्यकारिणी के चुनाव में गवर्निंग काउंसिल सदस्यों के 15 पदों की मतगणना जारी है। लाइब्रेरी हाल में सोमवार तक कुल 4300 वोटों की गिनती पूरी कर ली गई है। पूजा सिंह 1835 वोट पाकर पहले नंबर पर हैं। प्रियंका शर्मा को 1448, अन्नापूर्णा सिंह चंदेल को 1224, राखी कुमारी को 1079, अनुज कुमार सिंह को 883, अनुराग शुक्ल को 772, सैयद फैज हसनैन को 769, दिलीप कुमार यादव को 769, जितेंद्र सिंह को 762, अभिषेक तिवारी को 759, अखिलेश कुमार शुक्ल को 726, विक्रांत नीरज को 690, हरिमोहन केशरवानी को 682, मानव चौरसिया को 672 और अमित कुमार पांडेय को 664 वोट मिले हैं। सर्वेश्वरी प्रसाद 663 वोट पाकर 16वें स्थान पर हैं। मतगणना एल्डर कमेटी के अध्यक्ष शशि प्रकाश सिंह, सदस्य एनसी राजवंशी, टीपी सिंह ओपी सिंह व अनिल तिवारी की निगरानी में चुनाव अधिकारी वशिष्ठ तिवारी, महेंद्र बहादुर सिंह, सौरभ शुक्ल, कामेश्वर सिंह, धर्मेंद्र शुक्ल आदि कर रहे हैं।

अधिकारियों ने सभी परिलाभों के भुगतान का दिया आश्वासन

विसं, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट में हाजिर हुए उप्र आवास विकास लखनऊ के हाउसिंग आयुक्त एवं निर्माण खंड मेरठ, सहारनपुर के अधिशासी अभियंता ने हलफनामा दाखिल कर बताया कि याची का अधिकांश भुगतान कर दिया गया है। शेष शीघ्र ही कर दिया जाएगा। याची अधिवक्ता ने कहा इसकी जानकारी नहीं है। कोर्ट ने दोनों अधिकारियों को हाजिरी से मुक्ति दे दी है। अगली सुनवाई 20 जनवरी को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव ने सुरमेश देवी की याचिका पर दिया है।

संक्षिप्त खबरें

जिसे कोई नहीं स्वीकार करता उसे अपनाते हैं श्रीराम

जासं, प्रयागराज : श्रीपथरचट्टी रामलीला कमेटी के तत्वावधान में श्रीरामचरित मानस सम्मेलन समिति 'नौ दिन सुनिए रामकथा का भव्य आयोजन कर रही है। रामकथा के पांचवें दिन सोमवार को कमेटी के रामबाग स्थित परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश की देवी अनुपमा रामायणी ने कहा, 'जिसे कोई स्वीकार नहीं करता उसे श्रीराम अपनाते हैं। मानस कोकिला सुधा पांडेय ने कहा कि सुग्रीव भी सर्वहारा थे, उन्हें कोई शरण देने वाला नहीं था। श्रीराम ने सुग्रीव से मित्रता करके उन्हें किष्किंधा का राज्य सौंप दिया। वाराणसी के डा. मदन मोहन मिश्र 'दिव्य ने कहा कि अकाट्य है यह सत्य कि श्रीराम ही एकमात्र शरणदाता है। हमारे मनीषियों ने श्रीराम को जीव का एकमात्र विकल्प बताया है। अंजनी शरण सावर्णी ने श्रीराम नाम के महत्व पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता व संचालन लल्लूलाल गुप्त 'सौरभ ने किया।

श्रीराम कथा का बखान करते मदन मोहन मिश्र। साभार-स्वयं

मेजर कल्शी क्लासेज के होनहार बने सैन्य अफसर

जासं, प्रयागराज : संघ लोक सेवा आयोग की तरफ से नेशनल डिफेंस अकादमी (एनडीए) का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया गया। यह परीक्षा 18 अप्रैल 2021 को हुई थी। मेजर कल्शी क्लासेज से इस परीक्षा में कई होनहारों को कामयाबी मिली है। इसमें प्रिंस कुमार कुशवाहा, आदित्य किशोर सिंह, देवांश मिश्र, प्रत्युश दास, हर्ष पांडेय और हर्ष शर्मा शामिल हैं। यह सभी भारतीय सेना में अधिकारी रैंक पर नियुक्त हुए हैं। चार वर्ष के सफल ट्रेनिंग के बाद इन्हें भारतीय सेना की कमान सौंप दी जाएगी। संस्थान के निदेशक सौरभ सिंह ने चयनित मेधावियों को शुभकामनाएं दी हैं।

शिक्षाविद् कनकलता का निधन

जासं, प्रयागराज : हिंदुस्तानी एकेडेमी के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार हरिमोहन मालवीय की पत्नी व पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. सत्य प्रकाश मालवीय की छोटी बहन शिक्षाविद् कनकलता (83) का निधन हो गया है। वह काफी समय से अस्वस्थ थीं, रविवार की रात लखनऊ स्थित बेटे गौरव मालवीय के निवास पर उन्होंने अंतिम सांस लिया। सोमवार को पार्थिव शरीर प्रयागराज लाकर मालवीयनगर स्थित निवास पर कुछ देर के लिए रखा गया। फिर ककरहा घाट पर अंतिम संस्कार हुआ। पार्थिव शरीर को हरिमोहन मालवीय ने मुखाग्नि दी। इनके निधन पर ध्रुव कुमार मालवीय, डा. अमित मालवीय, साहित्यकार अनुपम परिहार आदि ने शोक व्यक्त किया।

वरिष्ठ महामंत्री की माता के निधन पर शोक

जासं, प्रयागराज : प्रयागराज जिला उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ महामंत्री अनूप वर्मा की माता के निधन पर सोमवार को शोकसभा आयोजित की गई। इसमें व्यापारियों ने श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रखकर मृतक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा में महानगर अध्यक्ष राजीव कृष्ण श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष सुशांत कुमार केसरवानी, मनीष गुप्ता, मुस्लव अहमद, विशाल वर्मा आदि शामिल थे।

गंगा एक्सप्रेसवे के लिए लेटर आफ अवार्ड जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : मेरठ को प्रयागराज से जोड़ने वाले 594 किलोमीटर लंबे और छह लेन चौड़े गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए चयनित विकासकर्ता कंपनियों-अडानी इंटरप्राइजेज लिमिटेड और आइआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीईडा) ने लेटर आफ अवार्ड जारी कर दिए हैं। अडाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड तीन पैकेजों (हिस्सों) में 464 किलोमीटर की लंबाई में बदायूं से प्रयागराज तक गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण करेगा।

खाद्यान्न की कमी से नियमित राशन का वितरण हुआ बंद

जासं, प्रयागराज : खाद्यान्न की कमी के कारण सरकारी राशन की दुकानों पर वितरण पिछले तीन दिनों से बंद हो गया है। पर्याप्त राशन न होने से कई ई-पास मशीन भी लाक कर दी गई है। गुरुवार से राशन का वितरण शुरू हो जाएगा। नियमित राशन वितरण की अंतिम तिथि 20 दिसंबर थी। लेकिन अब इसे 23 दिसंबर तक बढ़ाने की तैयारी चल रही है। जिला आपूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह ने कहा कि पहली बार कमी हुई है। दूसरे राज्यों से मंगवाया गया है।

एनसीआर के महीप ने बाडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में जीता रजत

जासं, प्रयागराज : अखिल भारतीय अंतर रेलवे बाडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में उत्तर मध्य रेलवे के महीप कुमार ने शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक जीता। गोल्ड के प्रमुख दावेदार महीप कुमार ने इस प्रदर्शन के साथ मिस्टर इंडिया प्रतियोगिता 2021-22 के लिए क्वालीफाई किया। प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 17 दिसंबर को चेन्नई में हुआ। महीप कुमार आगरा मंडल में जूनियर क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं। एनसीआर खेल संघ के अध्यक्ष शरद मेहता व महासचिव नितिन गर्ग, कोच जीतेंद्र सिंह, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी डा. शिवम शर्मा ने बधाई दी है।

गंगा पर त्रिवेणी पुल तैयार, आवागमन शुरू

डिप्टी सीएम ने की माघ मेला की तैयारियों की समीक्षा, निर्धारित समय में पूरा करें कार्य

संगम जाने वाले मार्ग पर चकर्ड प्लेट बिछाते श्रमिक। जागरण

जासं, प्रयागराज : माघ मेला की तैयारियां चल रही हैं। सोमवार की शाम को त्रिवेणी पुल से आवागमन शुरू हो गया है। देर रात तक महावीर पुल से भी आवागमन शुरू हो गया है। इन दोनों पुलों को 15 दिसंबर तक पूरा करना था लेकिन एक हादसे के चलते निर्माण कार्य में विलंब हुआ। फिलहाल पीएम के आगमन के पहले पुल तैयार कर दिया गया है। इससे झूंसी के तरफ से आवागमन आसान हो जाएगा। जरूरत पड़ने पर झूंसी की तरफ बसों की पार्किंग करवाकर पुलों के जरिए महिलाओं को लाया जाएगा।

सोमवार को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने आईट्रिपलसी में माघ मेला की तैयारियों की समीक्षा में उन्होंने कहा कि माघ मेला में सभी कार्य निर्धारित समय में पूरे कर लिए जांय। खासकर लोक निर्माण विभाग पुल और सड़क का काम समय से पूरा कर लें। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि त्रिवेणी पुल से आवागमन शुरू करवा दिया गया है। पखवाड़े भर में यह तैयार हो गया है। देर रात तक महावीर पुल भी तैयार हो जाएगा। इसके अलावा काली पुल पर भी काम चल रहा है। वहीं मेला अधिकारी शेषमणि पांडेय ने बताया कि बाढ़ के चलते इस बार दलदल ज्यादा था। उसे सुखाने में समय लगा। समतलीकरण का काम लगभग पूरा कर लिया गया है। 22 दिसंबर से जमीन का आवंटन शुरू कर देंगे। पांच जनवरी तक आवंटन का काम होगा। 10 जनवरी तक तंबुओं का शहर बसा दिया जाएगा।

जूनियर डाक्टरों ने दिया धरना, ओटी का बहिष्कार

जासं, प्रयागराज : नीट पीजी की काउंसिलिंग की मांग पर अड़े जूनियर डाक्टरों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाओं पर विपरीत असर पड़ रहा है। स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में धरना प्रदर्शन कर रहे जूनियर डाक्टरों ने ओपीडी के अलावा इलेक्टिव अपरेशन थिएटर से भी कार्य का बहिष्कार किया। ओपीडी में सीनियर डाक्टर अपनी क्षमता के अनुसार ही रोगियों को देख पा रहे हैं। एसआरएन के जूनियर रेजीडेंट ने अपने राष्ट्रीय संगठन के एजेंडे के अनुसार हड़ताल का यह रुख दूसरी बार अपनाया है। इससे पहले नौ दिसंबर तक डाक्टरों का कार्य बहिष्कार हुआ था, उस दौरान भी स्वास्थ्य सेवाएं लड़खड़ा गई थीं। जूनियर रेजीडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. अनवर अहमद ने बताया कि जब तक काउंसिलिंग की तारीख निर्धारित नहीं होती, तब तक हड़ताल करते रहेंगे।

दो आशिकों की फोटो दिखा के बोली, इसको हंसा के मारा उसको रुला के मारा

पुस्तक मेले में कवि सम्मेलन और मुशायरा 'जश्न ए अकबर इलाहाबादी' का आयोजन

जागरण संवाददाता, प्रयागराज : एंग्लो बंगाली इंटरमीडिएट कालेज के पुस्तक मेला परिसर में सोमवार को 'जश्न ए अकबर इलाहाबादी' कवि सम्मेलन व मुशायरे का आयोजन हुआ। आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के अंतर्गत हुए इस आयोजन में कवियों और शायरों ने अपने शब्दों से अकबर इलाहाबादी के जज्बातों को बयां किया। हिंदी महासभा नई दिल्ली के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और साहित्यकार डा. विजयानंद ने की। नगर निगम कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष अखिलेश सिंह मुख्य अतिथि रहे।

इस अवसर पर डा. सालेहा सिद्दीकी की पुस्तक 'नाटक अल्लमा' का विमोचन भी किया गया। मुशायरे में डा. अजय मालवीय ने सुनाया कि कहो तो वक्त है कितना तुम्हारे आने में, अंधेरा फैलता जाता है अब जमाने में। वतन फरोश दुकानें सजाए बैठे हैं, घर की हर चीज पर आंखें जमाए बैठे हैं। डा. सालेहा सिद्दीकी ने पढ़ा कि समझना है जिसे समझे ऐ साबेहा, इन आंखों की कहानी का, बड़ा पुरदर्द है किस्सा, भला है चुप रहें। पहले दो आशिकों की फोटो दिखा के बोली, इसको हंसा के मारा, उसको रुला के मारा, सुनाकर फरमूद इलाहाबादी ने खूब वाहवाही पाई। तलब जौनपुरी ने पढ़ा कि जो छींटे न पड़ती मेरे आंखों की उन पर, तो चेहरे भी उनके गुलाबी न होते। अध्यक्षता कर रहे डा. विजयानंद ने सुनाया कि जिसकी सोच को चाटा हो धन के दीमक ने, वह आदमी ही नहीं, अदीब क्या होगा? संचालक डा. सालेहा सिद्दीकी ने किया।

विनीत के नाबाद अर्धशतक से एनसीआर जीता

जासं, प्रयागराज : डीएसए मैदान पर उत्तर मध्य रेलवे एकादश व दीक्षित कोचिंग के बीच मैत्री मैच हुआ। दीक्षित कोचिंग ने टास जीतकर 20 ओवरों में 8 विकेट पर 117 रन बनाए। जवाब में एनसीआर एकादश ने 19.2 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मैच में तीन कैच लेने, बेहतरीन फील्डिंग व नाबाद 11 रन बनाने वाले फैसल अंसारी को मैन आफ द मैच चुना गया।

राइफल-पिस्टल शूटिंग में 10 स्वर्ण समेत 22 पदक मिले

जासं, प्रयागराज : तृतीय जिला स्तरीय दस मीटर एयर राइफल-पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में भाविन जीत ओवरआल चैंपियन बने। प्रतियोगिता में 10 स्वर्ण समेत 22 पदक प्रयाग शूटिंग रेंज के खिलाड़ियों ने जीते। स्वर्ण जीतने वालों में भाविन जीत, अवधेश पटेल, प्रशून सिंह, दीक्षा वैश्य, अक्षिता, ऋतिजा, सार्थक, उत्कर्ष, स्नेह, तापस्या शामिल रहे।

नैनी/झूंसी/फाफामऊ

सामूहिक विवाह में 19 जोड़ों ने रचाई शादी

संसू, झूंसी : पासी समाज विवाह कल्याण समिति द्वारा तृतीय सामूहिक विवाह एवं पासी बंधु परिचय सम्मेलन का आयोजन अंदावा स्थित एक गेस्ट हाउस में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला जज राम सुचित तथा विशिष्ट अतिथि रामसिंह, हंसराज, फतेह बहादुर सिंह, भवननाथ पासवान, माता फेर व जमुना प्रसाद सरोज मौजूद रहे। इस मौके पर 19 जोड़े को विवाह सूत्र में बांधा गया। मुख्य अतिथि द्वारा न्यू पासी दर्पण पत्रिका का विमोचन भी किया गया। अध्यक्षता गीता पासी ने तथा संचालन राम अभिलाष ने किया। समिति के अध्यक्ष विनय प्रकाश ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

बच्चों के विवाद में चले लाठी-डंडे, आधा दर्जन घायल

संसू, झूंसी : थाना क्षेत्र के बजहा गांव निवासी मंगल व जीतलाल के बीच शनिवार की शाम बच्चों के विवाद को लेकर कहासुनी हो गई थी। लोगों ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत करा दिया था। सोमवार की सुबह उसी बात को लेकर दोनों पक्षों में फिर कहासुनी हो गई। बात बढ़ी तो दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। जिसमें मंगल (24) व उसकी पत्नी कोमल (20) तथा दूसरे पक्ष से जीतलाल (60), उसकी पत्नी प्रेमा समेत विनोद व राम सजीवन घायल हो गए।

नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी, पांच को पकड़ा

संसू, झूंसी : कटका में एक कंपनी खोलकर बेरोजगारों से लाखों वसूलने वाले पांच लोगों को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस के अनुसार कुछ बेरोजगार युवकों ने शिकायत की थी कि कटका में एक कंपनी खोलकर कुछ लोग नौकरी देने के नाम पर धन उगाही कर रहे हैं। शिकायत पर सौरभ निवासी कौधियारा, रामखेलावन कौशांबी, नागेंद्र फूलपुर, अब्बास प्रतापगढ़ व आकाश कोइरौना सीतामढ़ी को पकड़कर शांतिभंग में चालान कर दिया गया।

आइटीआइ के रोजगार मेले में पहुंचे 3500 प्रशिक्षु

संसू, नैनी : राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सोमवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 3500 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। मेले में 15 कंपनियों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक सुरेश चंद त्रिपाठी ने कहा कि आइटीआइ का प्रशिक्षण युवाओं के जीवन में बहुत महत्व रखता है। प्रधानाचार्य सुजीत श्रीवास्तव ने आइटीआइ को युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने वला महत्वपूर्ण प्लेटफार्म बताया। अनुज पांडेय, राघवेंद्र त्रिपाठी, चंद्रमणि शुक्ला, रविशंकर आनंद, रत्नाकर अस्थाना, आलोक कुमार एवं कंपनियों के प्रबंधक उपस्थित थे।

सऊदी अरब से मिली मौत की सूचना, मचा कोहराम

संसू, धरवई : भरथी का पूरा गांव निवासी कमल किशोर यादव 37 सऊदी अरब में रहकर नौकरी करता था। सोमवार की शाम सऊदी अरब में हार्ट अटैक से उसकी मौत हो गई। उसकी पत्नी फोटो देवी को खबर मिली तो कोहराम मच गया। उसके दो पुत्रियां कनिष्ठा 13, अंशिका 11 व पुत्र सत्यवीर 10 साल का है।

रोज लग रहा जाम, परेशानी

संसू, फाफामऊ : शांतिपुरम कालोनी स्थित गोहरी रोड रेलवे क्रासिंग पर आए दिन जाम लगने से लोग परेशान हो उठे हैं, वहीं दूसरी ओर इस समस्या से जनप्रतिनिधि अंजान बने हुए हैं। गोहरी रेलवे क्रासिंग से होकर प्रतिदिन लखनऊ रूट की कई ट्रेनें गुजरती है। इसके चलते रेलवे फाटक को बंद करना पड़ता है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों की संख्या में दो एव चार पहिया वाहन गुजरते है।

इवि में नए सत्र से पंडित दीनदयाल पर शोध

जागरण संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र से पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक व कृषि संबंधी चिंतन व एकात्म मानववाद दर्शन पर शोध होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विज्ञापन जारी कर इस पीठ के संचालन के लिए समाज विज्ञान के सेवानिवृत्त और कार्यरत प्रोफेसर के

अलावा अन्य पदों के लिए आवेदन मांगे हैं। आवेदन की अंतिम तिथि चार जनवरी तय की गई है। भारत में ऐसे विचारक व दर्शनशास्त्री रहे हैं, जिन्होंने भारत को संपूर्ण विश्व में गौरव और सम्मान दिलाया। इसी श्रेणी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय का भी नाम आता है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह में आठ नवंबर को मुख्य अतिथि की हैसियत से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पहुंचे थे। रजिस्ट्रार प्रो. एनके शुक्ल की तरफ से जारी विज्ञापन के मुताबिक पांच साल के लिए स्थापित इस शोध पीठ के तहत शोध के अलावा पंडित दीनदयाल के व्यक्तित्व-कृतित्व पर विश्लेषणात्मक शोध गतिविधियों का आयोजन कराया जाएगा। पीआरओ डा. जया कपूर ने कहा कि अंतिम तिथि के बाद शीघ्र चयन प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

मकान नंबर 144 के मंचन ने दर्शकों को खूब हंसाया

जागरण संवाददाता, प्रयागराज : मशहूर नाटककार दिनेश भारती के हास्य व्यंग्य पर आधारित नाटक मकान नंबर 144 के मंचन ने सोमवार शाम उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के प्रेक्षागृह में लोगों को खूब हंसाया। वरिष्ठ रंगकर्मी शैलेश कुमार श्रीवास्तव की परिकल्पना और निर्देशन में इसकी प्रस्तुति अभिनव रंगमंडल के माध्यम से हुई। इसमें बढ़ती जनसंख्या के दबाव से किराए का मकान लेने की मजबूरी और मकान मालिक की चालाकी को बखूबी दर्शाया गया। नाटक के कथानक के अनुसार मकान मालिक जगन्नाथ ने किराए का कमरा देने के लिए शर्त रखी थी कि किराएदार केवल कुंवारों को ही रखेगा और वह भी पुरुष होने चाहिए। नाटक का मंचन देखने के लिए न्यायमूर्ति राजीव मिश्र और न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी भी पहुंचे। इन न्यायमूर्तिगण का अभिनव रंगमंडल के पदाधिकारियों ने स्वागत सम्मान किया। नाटक में जगन्नाथ के पात्र में शैलेश कुमार श्रीवास्तव, गुलाबदान के रूप में रूपा सहाय, निमाई के रूप में जुमर मुश्ताक, हेमा बाने, तनु सोनकर, यश गोस्वामी और स्वेक्षा श्रीवास्तव ने अभिनय से खूब वाहवाही पाई।

भीड़ जुटाने को भाजपा धन का कर रही दुरुपयोग

जासं, प्रयागराज : समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष योगेश चंद्र यादव ने बयान जारी कर भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि 21 दिसंबर को परेड मैदान में आयोजित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में भीड़ जुटाने के लिए सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। सरकार गैर संवैधानिक, गैर लोकतांत्रिक तरीके से विकास मद के सरकारी धन का दुरुपयोग करने में जरा भी नहीं हिचकिचा रही है। इस प्रकार से किया जा रहा दुरुपयोग बेहद निंदनीय है।

रामेश्वरम् नेत्रालय

विश्व की अत्याधुनिकतम एवं प्रयागराज मंडल की प्रथम ALCON LEGION फेको मशीन द्वारा

बिना चीरा, बिना टांके का मोतियाबिंद का आपरेशन

मात्र 5000/- रु. से शुरू

विदेशी (Alcon, Carl Zeiss), हाइड्रोफोबिक, बाइफोकल एवं मल्टीफोकल लेन्स लगवाने की सुविधा

डॉ उमेश सिंह

M.B.B.S, M.S. (Eye)

नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं मोतियाबिन्द फैको सर्जन

जार्ज टाउन (पार्वती हास्पिटल के सामने) प्रयागराज प्रातः 10 से 2 बजे एवं 5 से 7 बजे तक

मझनपुर (जिला अस्पताल के बगल में) प्रत्येक रविवार, प्रातः 10 से 1 बजे तक

7499603950, 9559812456

प्रक्रिया | शैक्षणिक सत्र 2021-22 के अंडर ग्रेजुएट एडमिशन टेस्ट के तहत सीधे दिया जाएगा प्रवेश

बीपीए में बगैर प्रयोगात्मक परीक्षा मिलेगा दाखिला

जासं, प्रयागराज : इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2021-22 के अंडर ग्रेजुएट एडमिशन टेस्ट (यूजीएटी) के तहत बैचलर आफ परफार्मिंग आर्ट्स (बीपीए) में बगैर प्रयोगात्मक परीक्षा अभ्यर्थियों को सीधे प्रवेश दिया जाएगा। निर्धारित सीटों के मुकाबले आवेदन की संख्या काफी कम होने के चलते प्रवेश प्रकोष्ठ ने यह अहम फैसला लिया है। इसके अलावा बैचलर आफ फाइन आर्ट (बीएफए) की प्रयोगात्मक परीक्षा कराने के बाद नतीजे सोमवार को जारी कर दिए। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट www.aupravesh2021.com से अपने परिणाम देख सकते हैं।

प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. आइआर सिद्दीकी ने बताया कि बीपीए और बीएफए में लिखित परीक्षा के बाद प्रयोगात्मक परीक्षा कराई जाती है। इसके बाद दोबारा परीक्षा परिणाम जारी किए जाते हैं। साथ ही टापरों की सूची भी नए सिरे से जारी की जाती है। इसके आधार पर मेरिट तैयार कर अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाता है। बीएफए की लिखित परीक्षा के बाद प्रयोगात्मक परीक्षा भी कराकर परिणाम जारी कर दिया गया। हालांकि, बीपीए में 113 सीटों के सापेक्ष 54 अभ्यर्थियों ने प्रवेश के लिए दावेदारी ठोकी है। इस लिहाज से यह निर्णय लिया गया कि इन अभ्यर्थियों को सीधे प्रवेश दिया जाएगा।

बीए का नया कटआफ जारी : प्रवेश को-आर्डिनेटर प्रो. एआर सिद्दीकी के मुताबिक 28 दिसंबर को ईडब्ल्यूएस में 168.30 और 29 दिसंबर को ओबीसी में 168 अथवा अधिक अंक पाने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। 30 दिसंबर को एससी वर्ग में 138 अथवा अधिक और शिक्षक-कर्मचारी कोटे के तहत सभी। अभ्यर्थियों को चैथम लाइन स्थित प्रवेश भवन पर सुबह 9:30 से 12:30 बजे के बीच उपस्थित होने को कहा गया है। काउंसिलिंग और प्रवेश प्रक्रिया अपराह्न दो बजे से शुरू होगी।

बीए में 178, एलएलबी में 36 दाखिले : प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. आइआर सिद्दीकी ने बताया कि सोमवार को बीए में कुल 178 अभ्यर्थियों ने प्रवेश लिया। इसमें ओबीसी से 177 और एसटी से केवल एक ने प्रवेश लिया। इसके अलावा एलएलबी में कुल 36 अभ्यर्थियों ने प्रवेश लिए।

शीतकालीन अवकाश में भी जारी रहेगा प्रवेश

दाखिले की दौड़

इलाहाबाद विश्वविद्यालय में 31 दिसंबर तक शीतकालीन अवकाश रहेगा। इस अवधि में प्रवेश की प्रक्रिया जारी रहेगी। कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव के निर्देश पर रजिस्ट्रार प्रो. एनके शुक्ल ने इस आशय का नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। इस नोटिफिकेशन में स्पष्ट कहा गया है कि जिन शिक्षकों और कर्मचारियों की ड्यूटी प्रवेश भवन में लगाई गई है, वह प्रवेश भवन को सीधे रिपोर्ट करेंगे।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

बैंक ऑफ़ बड़ौदा

11-ए/4, नसीबपुर, बख्तियारा, अशोक नगर, इलाहाबाद

ई-मेल: sarall@bankofbaroda.co.in

Sale Notice

अचल सम्पत्तियों के बिक्री के लिए बिक्री सूचना

"परिशिष्ट- IV-A [नियम 8 (6) के प्रावधान को देखें]

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के तहत ई-नीलामी बिक्री सूचना।

[illegible]

ई- नीलामी की तिथि एवं समय : 29.01.2022, 02:00 PM से 06:00 PM

धरोहर राशि (ईएमडी) का भुगतान ऑनलाइन एनईएफटी/ट्रांस्फर (चलान निष्पादन के बाद) (https://www.mstcecommerce.com) के द्वारा बोलीदाताओं के ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में किया जाएगा।

क्र0 सं0	ऋणियों/ जमानतकर्ताओं का नाम एवं पता	सम्पत्ति प्रतिभूमि आस्तियों/ बंधक सम्पत्ति का विवरण (ज्ञात ऋणभारों सहित, यदि कोई हो)	कुल बकाया राशि	सम्पत्ति निरीक्षण के लिए तिथि एवं समय	आरक्षित धनराशि/ अग्रिम धनराशि/ बिड बढ़ोत्तरी राशि
1.	ऋणी:- श्री संतोष कुमार तिवारी पुत्र स्व. किशोर तिवारी पता (1): 118ए, बाघम्बरी हाउसिंग आवास योजना पिन- 211006. पता (2): ग्राम- दीही, पोस्ट- गांगी, तहसील- ल्योरा, जिला- रीवा, मध्य प्रदेश पिन- 486226. पता (3): मकान सं0- 15बी/14बी, न्यू कटरा एक्सटेंशन हाउसिंग स्कीम जिला- प्रयागराज, पिन- 211002. पता (4): सीआईडीएल कार्यालय मिर्जापुर, पिन- 231001. पता (5): हाउस नंबर 251/333 बीएचएस, अल्लापुर, प्रयागराज-211006.	आवासीय बंधक सम्पत्ति मकान/फ्लैट सं0- 15बी/14बी जो कि न्यू कटरा एक्सटेंशन हाउसिंग स्कीम, भूखण्ड सं0- 13 के भाग पर निर्मित, परगना एवं तहसील- सदर, प्रयागराज- 211002. क्षेत्रफल- 30.00 वर्गमीटर। चौहद्दी:- उत्तर- 20 फिट चौड़ी सड़क, दक्षिण- संदीप यादव की सम्पत्ति, पूरब- प्रदीप यादव की सम्पत्ति, पश्चिम- 20 फिट चौड़ी सड़क।	दिनांक- 31.03.2021 तक बकाया धनराशि ₹ 17,58,295.14 + ब्याज रिवर्सल + अप्रयोजित ब्याज एवं अन्य खर्चे (-) जमा की गई धनराशि यदि कोई हो।	21.12.2021 से 28.01.2022 समय 10:00 AM से 4:00 PM	₹31,81,000/- (आरक्षित मूल्य) ₹3,20,000/- (अग्रिम धनराशि) ₹25,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)
	कब्जा की स्थिति- सांकेतिक।				

बिक्री के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया बैंक ऑफ बड़ौदा की वेबसाईट का अवलोकन करें- www.bankofbaroda.in/e-auction.htm & https://ibapi.in. इच्छुक बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी के मोबाईल नं0- 9554956629 से सम्पर्क करें।

दिनांक : 20.12.2021 स्थान: प्रयागराज प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

****